my city
अमर उजाला
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज
सोमवार | 21.06.2021
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी, विक्रम संवत 2078
सूर्योदय सुबह 5.13
सूर्यास्त शाम 7.03
32.3° temperature 25.1°
lucknow.amarujala.com
रायबरेली

जायस-फुरसतगंज-रूपामऊ ट्रैक का दोहरीकरण पूरा

इसी सप्ताह हरी झंडी मिलने की उम्मीद, नए ट्रैक पर दौड़ेंगी ट्रेनें, करीब 20 किमी. तक बिछाई गईं दूसरी लाइन की पटरियां

संवाद न्यूज एजेंसी

रायबरेली/जायस। लखनऊ-वाराणसी रेल मार्ग पर रायबरेली जिले के रूपामऊ और अमेठी जिले के जायस रेलवे स्टेशन के बीच दोहरीकरण कार्य को पूरा करा लिया गया है। करीब 20 किमी. की दूरी में दूसरा नया ट्रैक बिछाने के बाद जायस, फुरसतगंज और रूपामऊ स्टेशनों को कनेक्ट भी कर दिया गया है। दोहरीकरण कार्य का निरीक्षण करने 25 जून को रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) के आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। निरीक्षण की सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। हर छोटी-बड़ी खामियों और कमियों का पता लगाकर उन्हें दूर किया जा रहा है।

रायबरेली जिले में उतरेटिया से गंगागंज तक और दूसरी तरफ अमेठी जिले में जायस से आगे के हिस्से का दोहरीकरण कार्य पहले ही पूरा कराया जा चुका है। अब जायस से रूपामऊ के बीच दोहरीकरण कार्य पूरा कराया गया। इस हिस्से की दूरी करीब 20 किमी. है। दोहरीकरण के तहत दूसरा नया ट्रैक बिछाया गया और विद्युत लाइन खींची गई है, ताकि इलेक्ट्रिक ट्रेनों का संचालन सुचारु रूप से हो सके।

दो दिन पहले इस ट्रैक को जायस, फुरसतगंज और रूपामऊ स्टेशनों से कनेक्ट करने का काम शुरू कराया गया। जो भी कमियां रह गई हैं, उन्हें अगले दो-तीन दिन में पूरा कर लिया जाएगा। रेल विकास निगम लिमिटेड के अधिकारी बराबर नजर रखे हुए हैं, ताकि कहीं कोई खामी न रहने पाए।

ट्रायल के लिए 145 की रफ्तार से दौड़ाया इंजन

जायस से रूपामऊ के बीच नए बिछाए गए ट्रैक को 160 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार के मानक के अनुरूप तैयार किया गया है। इस बात का दावा कार्यदायी संस्था के अधिकारी कर रहे हैं। शनिवार को रेल विकास निगम लिमिटेड के उच्चाधिकारियों की देखरेख में नए ट्रैक का ट्रायल लिया गया। इस पर 145 किमी. प्रति घंटा की गति से इलेक्ट्रिक इंजन को दौड़ाकर ट्रायल पूरा किया गया।

रायबरेली में जायस-रूपामऊ रेल लाइन पर काम करते कर्मचारी। -संवाद

चलने से पहले ही निरस्त हो गई कानपुर-प्रतापगढ़ इंटरसिटी

रायबरेली। कानपुर सेंट्रल और प्रतापगढ़ के बीच रायबरेली होते हुए दौड़ने वाली इंटरसिटी ट्रेन सोमवार से नहीं चलेगी। इसे 21 जून से शुरू किया जाना था, लेकिन अब 25 जून तक के लिए निरस्त कर दिया गया है। गाड़ी चलने से पहले ही कैंसल हो गई। इस ट्रेन का संचालन अब 26 जून से शुरू होगा। नए आदेश के मुताबिक अब 04124 का संचालन 26 जून से और 04123 का संचालन 27 जून से शुरू होगा। रायबरेली-प्रतापगढ़ रेल खंड में जायस से रूपामऊ तक दोहरीकरण कार्य चल रहा है, जिसके चलते कई ट्रेनें प्रभावित हैं। वाराणसी से देहरादून के बीच चलने वाली जनता मेल और हावड़ा से अमृतसर के बीच दौडने वाली पंजाब मेल 25 जून तक निरस्त है। नीलांचल और अर्चना एक्सप्रेस को डायवर्ट कर दिया गया था। इसी कड़ी में अब कानपुर-प्रतापगढ़ के बीच दौडने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस को भी निरस्त कर दिया गया है। स्टेशन अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि दोहरीकरण कार्य के चलते ट्रेन को 25 जून तक नहीं चलाया जाएगा। -संवाद

दोहरीकरण कार्य के चलते हुआ बदलाव, अब 26 से चलेगी

हो चुका ट्रायल, निरीक्षण करने 25 को आएंगे सीआरएस

सीआरएस की हरी झंडी मिलते ही दौड़ेगी ट्रेन

जायस से रूपामऊ रेलवे स्टेशनों के बीच कराए गए दोहरीकरण कार्य का निरीक्षण करने के लिए रेल संरक्षा आयुक्त 25 जून को आएंगे। आरवीएनएल के प्रबंधक राकेश यादव बताते हैं कि सीआरएस 25 जून को आ रहे हैं। उनके निरीक्षण का विस्तृत कार्यक्रम अभी नहीं मिला है। सीआरएस निरीक्षण कर दोहरीकरण कार्य को हरी झंडी देंगे। उनकी हरी झंडी मिलते ही नए ट्रैक पर ट्रेनों का आवागमन शुरू हो जाएगी।

रेलवे स्टेशनों की बदली तस्वीर, बढ़ाई सुविधाएं

दोहरीकरण कार्य के तहत 20 किमी. की दूरी में पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों की हालत सुधारी गई है। जायस स्टेशन को सुधारने का काम पहले ही कराया जा चुका था। अब फुरसतगंज और रूपामऊ स्टेशन की हालत भी सुधार दी गई है। इस हिस्से में काम कराने वाली संस्था केईसी के प्रोजेक्ट मैनेजर जुबैर अहमद ने बताया कि फुरसतगंज एवं रूपामऊ स्टेशनों पर प्लेटफार्म शेड के अतिरिक्त सर्कुलेटिंग एरिया को विकसित कराने के साथ ही सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। रूपामऊ में फुट ओवरब्रिज बनवाया गया है।

---

my city न्यूज कैप्सूल

कोरोना पॉजिटिव तीन मरीज मिले

रायबरेली। जिले में रविवार को तीन लोग कोरोना संक्रमित पाए गए, जबकि 18 लोग स्वस्थ होकर घर पहुंचे। इधर, जिले में कोरोना का कहर कुछ कम हो रहा है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना ने बताया कि कोरोना से तीन लोग संक्रमित पाए गए। सभी को अस्पतालों में भर्ती कराया गया। 18 लोग कोरोना से जंग जीतकर घर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य टीमें भेजकर लोगों में कोरोना की जांच कराई जा रही है। -संवाद

नेशनल चैंपियनशिप में खेलेंगी सुधा व शिवानी

रायबरेली। जिले की दो खिलाड़ी सुधा सिंह और शिवानी सिंह पटियाला में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी। दोनों खिलाड़ी उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। जिले के खेल प्रेमियों और एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि दोनों खिलाड़ी मेडल हासिल कर नाम रोशन करेंगी। डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मीकांत शुक्ला ने बताया कि पटियाला में 25 से 29 जून तक नेशनल इंटरस्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जाना है। इसमें इस जिले से दो खिलाड़ी सुधा सिंह और शिवानी सिंह हिस्सा लेंगी। दोनों खिलाड़ी उत्तर प्रदेश की टीम की ओर से प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने बताया कि एथलीट सुधा सिंह तीन हजार मीटर स्टेपल चेज स्पर्धा और शिवानी सिंह लंबी कूद मुकाबले में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष दीप प्रकाश शुक्ला ने भी उम्मीद जताई है कि दोनों खिलाड़ी नेशनल चैंपियनशिप में मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन करेंगी। -संवाद

पुलिस पर हमला करने वाले 115 लोगों पर केस दर्ज

हरचंदपुर में चकबंदी के दौरान बवाल का मामला, वायरल वीडियो से हो रही हमलावरों की पहचान

संवाद न्यूज एजेंसी

रायबरेली-हरचंदपुर। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के महुआखेड़ा मजरे गुनावर कमंगरपुर गांव में मनमाने तरीके से हो रही चकबंदी के दौरान पुलिस टीम पर हमला करने वाले 115 हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के जरिए पुलिस टीम पर हमला करने वाले आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने पूरे प्रकरण की जांच अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव को सौंपी है। घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा है। लोगों में दहशत है। कई ग्रामीण तो गांव छोड़कर रिश्तेदारी चले गए। पुलिस मारपीट में शामिल आरोपियों की धरपकड़ करने का प्रयास कर रही है।

हरचंदपुर थाना क्षेत्र के महुआ खेड़ा मजरे गुनावर कमंगरपुर गांव में शनिवार को चकबंदी के दौरान बवाल हो गया था। ग्रामीणों ने अधिकारियों पर मनमाने ढंग से चकबंदी करने का आरोप लगाते हुए चकबंदी कार्य को रुकवा दिया था। मौजूद पुलिस बल ने ग्रामीणों को खदेडने का प्रयास किया था। इस पर लाठी-डंडे से लैस होकर भारी संख्या में ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला बोल दिया था। मारपीट करने के साथ पथराव भी किया था। ग्रामीणों द्वारा लाठी डंडे से किए गए हमले में थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह महिला कांस्टेबल अंजना, मिनी द्विवेदी को चोटें आई थीं। अन्य पुलिस कर्मियों ने भागकर जान बचाई थी।

पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम पर हमले के मामले की जांच एसपी को दी गई है। थानेदार राकेश सिंह की तहरीर पर शनिवार की देर रात सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस टीम पर हमला करने, गालीगलौज करने समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया गया है। इसमें 15 नामजद कराए गए हैं, जबकि 100 अज्ञात लोग शामिल हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से आरोपियों को चिन्हित कराया जा रहा है। मामले में कार्रवाई होगी।

सीएचसी हरचंदपुर में इलाज कराने आए गुनावर कमंगरपुर के ग्रामीण। -संवाद

कुल्हाड़ी से बोला हमला

चकबंदी अधिकारी हरचंदपुर बृजेंद्र सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों का 15 जुलाई तक चकबंदी कराने का आदेश है। हम लोग चकबंदी कराने गए थे, लेकिन ग्रामीण कुल्हाड़ी, डंडा लेकर हमला बोला, जो गलत है। उन्हें किसी तरह की समस्या थी तो वह बताते। हम चकबंदी बंद करा देते।

पुलिस की पिटाई से घायल ग्रामीण सीएचसी हरचंदपुर में इलाज कराने पहुंचे। -संवाद

एसपी ने की पुष्टि, हरचंदपुर पुलिस छिपाती रही

पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने मामले में एफआईआर दर्ज कराने की पुष्टि कर दी, लेकिन हरचंदपुर थाने के कार्यवाहक एसओ, दीवान एफआईआर दर्ज कराने की बात को छिपाते रहे। कई बार सीयूजी नंबर पर फोन मिलाकर पूछा गया तो कार्यवाहक एसओ जवाब देते रहे कि हमें जानकारी नहीं हैं। दीवान ने भी एफआईआर होने की बात से इंकार करते रहे। सीओ महराजगंज को भी इस बारे में फोन मिलाकर जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

ग्रामीणों ने बताई आपबीती, सीएचसी में कराया मेडिकल

सीएचसी हरचंदपुर पहुंचे ग्रामीणों ने रविवार को अपनी पीड़ा बयां की। चकबंदी टीम व पुलिस की तरफ से की गई मारपीट से आई चोटें भी दिखाईं। ग्रामीण अपनी पीड़ा बताते हुए रो पड़े। बोले कि उपजाऊ जमीन चली जाएगी तो हम और हमारे बच्चे क्या खाएंगे। एक दबंग नेता व उनके भाइयों के जुल्म से हम लोग आजिज आ हैं। यही लोग जमीन कब्जाने की खातिर मनमाने तरीके से चकबंदी करा रहे हैं। शनिवार को लॉकडाउन था। बारिश भी हो रही थी। धान की रोपाई की तैयारी चल रही है। बावजूद इसके चकबंदी कराई जा रही थी। हम लोग पहले ही जिला प्रशासन के अधिकारियों से मिलकर अपना दर्द बयां कर चुके थे और चकबंदी रुकवाए जाने की मांग की थी। पुलिस भी नहीं सुनती। हमें न्याय चाहिए, वरना इसकी शिकायत लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से करेंगे। घायल लल्लू, खुर्शीद, मनोज, रामदेई, रामावती, रुकमीना, शांति, राजकुमारी, सविता, विद्या, राधना देवी, सुखाना आदि ने सीएचसी में स्वयं मेडिकल कराया।

एसपी से की कार्रवाई की मांग

पीड़ित छोटेलाल, बसंतलाल, बाबूलाल, संतोष, खुर्शीद ने एसपी को पत्र भेजकर चकबंदी अधिकारी बृजभान सिंह, उनके मातहत चंद्रभान सिंह, कानूनगो दिलीप मौर्य, लेखपाल अभिषेक कुमार के अलावा हरचंदपुर थानेदार राकेश सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

200 बीघा जमीन में हेराफेरी करने का आरोप

महुआखेड़ा मजरे गुनावर कमंगरपुर गांव में चकबंदी के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है। घायल ग्रामीणों का आरोप है कि दबंग नेता व उनके भाइयों ने करीब 200 बीघा जमीन की हेराफेरी की है। वह उपजाऊ जमीन हथियाने के लिए मनमाने तरीके से चकबंदी करा रहे हैं। हम लोग इसी का विरोध कर रहे हैं, लेकिन पीड़ा और व्यथा सुनने वाला कोई नहीं है।

ग्रामीण को धमकाने का ऑडियो वायरल

रविवार को सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुआ। इसमें एक दबंग नेता एक ग्रामीण को यह कहते हुए धमका रहे हैं कि हमारा जिले के बड़े-बड़े नेता कुछ नहीं कर पाए हैं। तुम क्या कर लोगे। याद रखना, इस विरोध का नतीजा तुम्हें भुगतना पड़ेगा। ग्रामीण अपनी बात कहता, इससे पहले ही नेता ने फोन काट दिया।

लॉकडाउन में हुई सभा नियमों की उड़ीं धज्जियां

सलोन में भाजपा समर्थित कमला देवी का शक्ति प्रदर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

परशदेपुर (रायबरेली)। अमेठी जिले की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं छतोह द्वितीय से डीडीसी का चुनाव जीतने वाली कमला देवी ने रविवार को लॉकडाउन में बिना परमीशन जनसभा कर अपना शक्ति प्रदर्शन किया। बल्कि कोविड-19 नियमों की धज्जियां उड़ाईं। सलोन तहसील प्रशासन अंजान बना रहा। जनसभा में तैनात पुलिस तमाशीन बनी रही। यह हाल तब रहा, जब कोरोना की तीसरी लहर आने की बात कही जा रही है। जनसभा में जुटी महिलाएं और पुरुषों के चेहरे पर मास्क नहीं था। सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन नहीं किया जा रहा था। पुलिस अफसर जनसभा की जानकारी से इंकार करते रहे, लेकिन वहां पर पुलिस जरूर तैनात रही।

पूर्व कर आयुक्त बृजलाल पासी के निधन के बाद उनकी पत्नी कमला देवी ने छतोह द्वितीय से डीडीसी पद का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। वह भाजपा समर्थित प्रत्याशी रहीं। वह भाजपा से जिला पंचायत अध्यक्ष की दावेदार भी मानी जा रही हैं। नेशनल पेट्रोलियम टेक्निकल स्कूल छतोह के मैदान में रविवार को भारतीय जनता पार्टी की छतोह द्वितीय से नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य व अमेठी जिले की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमला देवी के स्वागत में पासी समाज द्वारा एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में करीब तीन हजार की भीड़ जुटी। ऐसे में समारोह जनसभा में तब्दील हो गया। नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य ने सत्ता की हनक दिखाते हुए समाज के लोगो को एकत्र कर अपना शक्ति प्रदर्शन किया। लॉकडाउन में जनसभा के आयोजन से जिला प्रशासन के अधिकारी सवालों के घेरे में रहे। खासकर कोरोना कहर के बाद भी इस तरह की जनसभा करना कोरोना को बढ़ावा देना रहा। महिलाएं और पुरुषों ने मास्क तक नहीं लगाया। जनसभा के दौरान पुलिस भी तमाशीन बनी रही। सलोन तहसील के अधिकारी फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

छतोह मैदान में आयोजित सभा में मंचासीन भाजपाई।

मेहनत व लगन से आपके बीच में हूं : कमला

पासी समाज द्वारा आयोजित समारोह में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य कमला देवी का लोगों ने स्वागत किया। अनीता पासी ने कहा कि पूर्व कर आयुक्त का जो सपना था, उसे पूरा कराया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र चतुर्वेदी, राघवेंद्र पांडेय, विवेक त्रिपाठी, रामलखन पासी, अशोक आदि मौजूद रहे।

कोविड नियमों का पालन किया : कमला देवी

जिला पंचायत सदस्य कमला देवी का कहना है कि कार्यक्रम में कोविड-19 का पालन किया गया। नियमों की धज्जियां नहीं उड़ाई गई हैं। कार्यक्रम के परमीशन के लिए एक लोग को भेजा गया था। परमीशन मिली कि नहीं, यह मुझे पता नहीं है।

> छतोह द्वितीय से नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य कमला देवी के छतोह में कार्यक्रम करने की जानकारी नहीं है। इस बारे में नसीराबाद पुलिस से पता कराया जाएगा। इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। - **श्लोक कुमार, एसपी**

अवधी पंच

मनोज कुमार अनमोल

आओ बच्चों कर लो योग,
योग भगाता है सब रोग।
तन को यह तंदुरुस्त बनाता,
मुख मंडल पर कांति लाता।
मन मस्तिष्क को स्वस्थ बनाता,
जीवन में है शांति लाता।

अमर उजाला से संपर्क करें- 09451653600

राहत

कोरोना प्रोटोकॉल व शर्तों के अनुसार खोलने की अनुमति, सिनेमा हॉल, स्टेडियम, स्वीमिंग पूल अभी बंद ही रहेंगे

संक्रमण की थमी रफ्तार, आज से रात नौ बजे तक खुलेंगी दुकानें व बाजार

संवाद न्यूज एजेंसी

रायबरेली। अब बाजार और दुकानें रात नौ बजे तक खुल सकेंगी। प्रदेश सरकार के आदेश के बाद डीएम वैभव श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि सोमवार से शुक्रवार तक अब सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक दुकानें व बाजार खुलेंगे। हालांकि कोरोना प्रोटोकॉल व शर्तों के अनुसार ही दुकानें खोलनी होंगी। नियमों की अनदेखी पर सीधे तौर पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। शनिवार और रविवार को पहले की तरह ही बंदी रहेगी।

डीएम ने बताया कि दुकान, बाजार सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक कोविड कंटेंमेंट जोन को छोड़कर खोलने की अनुमति होगी। शनिवार व रविवार सप्ताहिक बंदी रहेगी। साप्ताहिक बंदी के दौरान पूरे जनपद में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता सैनेटाइजेशन एवं फागिंग का अभियान पूर्व की भांति चलाया जाएगा। सरकारी विभागों में कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूर्ण उपस्थिति रहेगी एवं कार्यालयों में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना की अनिवार्यता होगी। निजी कंपनियों के कार्यालयों में उक्त शर्त की अनिवार्यता होगी। निजी कंपनिया वर्क फाम होम की व्यवस्था को लागू करना प्रोत्साहित करेंगी। प्रत्येक निजी कंपनी में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना की अनिवार्यता रहेगी। रेस्टोरेंट, होटल 50 प्रतिशत क्षमता के साथ खोलने की अनुमति सप्ताह में पांच दिन होगी।

जनपद में मॉल्स को खोलने की अनुमति सोमवार से शुक्रवार तक होगी। माल्स की दुकानें एवं रेस्टोरेंट उपर्युक्त शर्त की अनिवार्यता के साथ खोले जाएंगे। माल्स के गेट पर ऑक्सीमीटर, सैनिटाइजर आदि की व्यवस्था जरूर होनी चाहिए। मिठाई, स्ट्रीट फूड, फास्ट फूड की दुकानों में नियमों का पालन करना होगा। सब्जी मंडियां पूर्व की भांति खुली रहेंगी, लेकिन घनी आबादी में संचालित मंडियों को प्रशासन खुले स्थान पर संचालित कराएगा। शादी समारोह व अन्य आयोजनों में व्यक्तियों की उपस्थिति कोविड-19 प्रोटोकॉल व शर्तों प्रतिबंधों के साथ रहेगी। बंद स्थानों अथवा खुले स्थानों में एक समय में अधिकतम 50 आमंत्रित अतिथियों को उपर्युक्त शर्त की अनिवार्यता नियमों के तहत होगी। समारोह स्थलों पर आमंत्रित अतिथियों के बैठने की व्यवस्था में दो गज की दूरी के प्रोटोकाल का पूर्णतः पालन किया जाएगा।

रायबरेली में रविवार को डिग्री कॉलेज चौराहे के पास पसरा सन्नाटा। -संवाद

शिक्षण संस्थान रहेंगे बंद

डीएम ने बताया कि स्कूल, कॉलेज तथा शिक्षण संस्थान शिक्षण कार्य के लिए बंद रहेंगे। माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा संस्थाओं, कोचिंग संस्थानों में ऑनलाइन पढ़ाई की अनुमति विभागीय आदेशों के अनुरूप होगी। बेसिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्यों के लिए विद्यालय आने-जाने की अनुमति होगी। इसके लिए विद्यालयों के प्रशासनिक कार्यालय तदनुसार खोलने की अनुमति होगी।

पुलिस करे पेट्रोलिंग

डीएम ने बताया कि सिनेमा हॉल, स्टेडियम, स्वीमिंग पूल, जिम खोलने की अनुमति अग्रिम आदेशों तक नहीं होगी। पुलिस द्वारा व्यापक पेट्रोलिंग करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं पर भीड़ एकत्रित न हो पाएं। कोई भी कार्यक्रम भीड़ भाड़ अथवा जुलूस होना हो वह अग्रिम आदेशो तक पूर्णता प्रतिबंधित रहेंगें। ट्रैफिक संचालन की सुचार रूप से व्यवस्था की जाए।

बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, दो घायल

सतांव। गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच राजमार्ग पर स्थित रौला मोड़ के पास दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर होने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जतुआ टप्पा सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के शिवलहा गांव निवासी रमेश कुमार (32) बाइक से लालगंज की ओर जा रहा था। सामने से आ रहे बरारा बुजुर्ग थाना गदागंज निवासी संदीप और विवेक की बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जोरदार टक्कर लगने से रमेश कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि संदीप और विवेक गंभीर रूप से घायल हो गए। रमेश की मौत की जानकारी घरवालों को हुई तो कोहराम मच गया। -संवाद